प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 21.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- **राजधानी रांची समेत राज्यभर में प्रकृति पर्व सरहुल की धूम, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की पूजा अर्चना, कहा–प्रकृति से जुड़ी परंपरा ही हमारी पहचान।**
- **नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, नई बुलेट प्रुफ वाहनों की खरीद पर उठाये सवाल, कहा–पहले खरीदे गये वाहन पड़े हैं बेकार।**
- **झारखंड और ओड़िशा के कांग्रेस जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर कल से चाईबासा में, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी होंगे शामिल।**
- **राजधानी रांची समेत कई हिस्सों में आज भी तेज हवा के साथ हुई बारिश, कल से पच्चीस मार्च तक आंशिक रूप से बादल छाये रहने का पूर्वानुमान।**
- **हजारीबाग में आयोजित अंतर जिला महिला अंडर–23 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रांची की पन्द्रह सदस्यीय टीम का चयन, लोहरदगा से 23 मार्च को होगा मुकाबला।**

****

राज्यभर में प्रकृति पर्व सरहुल की धूम है। सरहुल के मौके पर राजधानी रांची में आयोजित शोभायात्रा में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सिरमटोली स्थित केन्द्रीय सरना स्थल पहुंचे और विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर राज्यवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। इसके अलावा धनबाद, सिमडेगा, लोहरदगा और गुमला सहित अन्य जिलों में भी पारंपरिक तरीके से शोभायात्रा निकाली गयी। पर्व त्यौहारों को देखते हुए राज्यभर में सुरक्षा के कड़े प्रंबंध किये गये हैं।

****

इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने रांची के करमटोली स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान श्री सोरेन ने कहा कि समृद्ध परंपराओं को आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खलखो समेत आदिवासी समाज से जुड़े बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सरहुल पर रांची के अलबर्ट एक्का स्थित स्वागत शिविर में शामिल हुए। इस दौरान श्री सेठ ने कहा कि सरहुल प्रकृति के साथ जीना सिखाता है और प्रकृति को बचाने के लिए सीख देता है।

****

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चम्पाई सोरेन रांची के हातमा स्थित सरना समिति के सरहुल पूजा महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रकृति के संरक्षण पर जोर दिया।

****

राजधानी रांची सहित राज्यभर में ईद–उल–फितर का त्यौहार उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इससे पहले अकीदतमंदों ने मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की विशेष नमाज अदा कर एक–दूसरे को गले लगाया और मुबारकबाद दी।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर बुलेट प्रूफ वाहनों की खरीदारी और इस्तेमाल पर सवाल उठाए हैं। श्री मरांडी ने पत्र में कहा है कि गृह विभाग ने वर्ष 2024 में मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यपाल और अन्य अति महत्वपूर्ण लोगों के लिए 17 बुलेट प्रूफ वाहन खरीदे गये थे। इनमें से 3 वाहन मुख्यमंत्री के लिए, 2 राजभवन के लिए और बाकी 12 हेडक्वार्टर में रखे गये हैं। श्री मरांडी का आरोप है कि हेडक्वार्टर में रखे गये इन वाहनों में से सिर्फ 3–4 का ही इस्तेमाल होता है, जबकि बाकी वाहन बेकार पड़े हैं।

****

रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने आज रांची में कैप्टन राकेश रंजन सिंह के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान श्री सेठ ने भरोसा दिलाया कि विदेश मंत्रालय और दुबई दूतावास से संपर्क हैं और जल्द ही दिवंगत कैप्टन का पार्थिव शरीर लाया जाएगा। गौरतलब है कि खाड़ी देशों में युद्ध के कारण होर्मुज में जहाज अवाना फंसा हुआ है और उसमें सवार कैप्टन राकेश रंजन सिंह का हार्ट अटैक से निधन हो गया था।

****

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से चलाए जा रहे संगठन सृजन के तहत कोल्हान प्रमंडल में जिलाध्यक्षों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कल से आयोजित होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 31 मार्च तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में राहुल गांधी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

****

धनबाद स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आज शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में व्याख्यान आयोजित किया गया। इस दौरान नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि करुणा केवल सहानुभूति नहीं, बल्कि एक सक्रिय शक्ति है, जो समाज को बदल सकती है। उन्होंने राज्य में बाल मजदूरी उन्मूलन की दिशा में हुए कार्य की सराहना की।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज भी तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार कल से पच्चीस मार्च तक आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। उधर धनबाद और आसपास के इलाकों में आज दोपहर बाद ओलवृष्टि के साथ जोरदार बारिश हुई। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है।

****

झारखंड राज्य क्रिकेट संघ की ओर से हजारीबाग में आयोजित अंतर जिला महिला अंडर–23 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए पन्द्रह सदस्यीय रांची जिला टीम का चयन किया गया है। रांची की टीम का पहला मुकाबला तेइस मार्च को लोहरदगा से होगा। टीम में सोनी कुमारी, निधि कुमारी, प्रियानश्री कुमारी, मानसी सिंह, कुमारी पलक, गुर्लिन कौर, सानिया थापा, पल्लवी कुमारी, सैंपी कुमारी, अंजुम बानो, अंजली कुमारी, रिद्धिमा गौतम, प्रतीक्षा पाण्डेय, आकांक्षा टोप्पो और विजया लक्ष्मी को जगह मिली है।

********समाप्त*********